आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 21.04.2025
समय 07.20

**मुख्य समाचार :–**

- के सभी सरकारी और सहायता प्राप्त विद्यालयों में आज नई कक्षाओं में प्रवेश लेने वाले छात्रों के स्वागत में 'प्रवेशोत्सव' मनाया जाएगा।
- डेंगू और जल जनित बीमारियों की रोकथाम को लेकर देहरादून के जिलाधिकारी सविन बंसल ने आवश्यक निर्देश दिए।
- देहरादून शहर के प्रमुख चौराहों और 'घंटाघर' के सौन्दर्यीकरण का काम तेज गति से जारी।
- भारतीय सेना का साहस और रोमांच से भरपूर– सूर्या देवभूमि चैलेंज 2025 रूद्रप्रयाग जिले में संपन्न।
- पिथौरागढ़, चमोली, उत्तरकाशी और चंपावत जिलों के किसानों ने आई.टी.बी.पी को मांस और मछली की आपूर्ति कर पिछले पांच महीने में ढाई करोड़ रुपए से अधिक का कारोबार किया।

**प्रवेशोत्सव**

प्रदेश के सभी राजकीय व अशासकीय सहायता प्राप्त प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, हाईस्कूल और इंटरमीडिएट विद्यालयों में आज प्रवेशोत्सव मनाया जाएगा। शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि नव प्रवेशित छात्र–छात्राओं के स्वागत में स्कूलों में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस आयोजन के लिए प्रदेशभर में 95 अधिकारियों और शिक्षकों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। शिक्षा मंत्री ने छात्र–अभिभावक–शिक्षक संगोष्ठी आयोजित करने के निर्देश भी दिए हैं। पहली कक्षा में नव प्रवेशित बच्चों और उनके अभिभावकों का विद्यालय में स्वागत किया जाएगा, साथ ही आसपास के क्षेत्रों में प्रवेश से वंचित बच्चों का नामांकन भी किया जाएगा। प्रवेशोत्सव में छात्रों और उनके अभिभावकों के साथ विद्यालय प्रबंधन समिति, ग्राम शिक्षा समिति, अध्यापक–अभिभावक समिति के सदस्य, जनप्रतिनिधि और पंचायत प्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया गया ळें तीन वर्ष की आयु पूरी कर चुके बच्चों को बालवाटिका–1 में प्रवेश दिलाने के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से संपर्क करने के निर्देश दिए गए हैं। इस अवसर पर उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम देने वाले कक्षाध्यापक, विषयाध्यापक, श्रेष्ठ अंक प्राप्त करने वाले छात्र–छात्राओं और खेल, एनएसएस, एनसीसी, स्काउटिंग व अन्य गतिविधियों में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा।

## डेंगू रोकथाम

डेंगू और जल जनित बीमारियों की रोकथाम को लेकर देहरादून के जिलाधिकारी सविन बंसल ने संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर जरूरी निर्देश दिए। इस दौरान जिलाधिकारी ने चिकित्सा और नगर निगम कर्मियों को डेंगू–चिकनगुनिया जैसे रोगों की रोकथाम के लिये पूरी तरह तैयार रहने को कहा। नगर निगम को सभी नालों, नालियों और नदियों की 15 मई तक सफाई करने और लार्विसाइडल स्प्रे टैंकरों की संख्या 5 से बढ़ाकर 20 करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रत्येक वार्ड में नियमित फॉगिंग और केमिकल छिड़काव की योजना बनाई जाएगी। आशा कार्यकर्ताओं को सर्विलांस कार्यों के लिए एक हजार पांच सौ रुपए की अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि जिला प्रशासन की ओर से दी जाएगी। स्वास्थ्य विभाग को डेंगू नियंत्रण के लिए सभी पीएचसी, सीएचसी की टीमों के साथ योजना तैयार करने, कंट्रोल रूम को सुचारू रखने और जरूरत पड़ने पर त्वरित प्रतिक्रिया के लिए तैयार रहने को कहा गया है। सरकारी अस्पतालों में ब्लड सेपरेटर मशीनों की संख्या 2 से बढ़ाकर 5 की जाएगी और इसके लिए अलग से बजट जारी किया जाएगा। जिलाधिकारी ने जलभराव, गंदगी और लार्वा पाए जाने पर व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर चालान करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही स्कूलों को दिशा निर्देश जारी कर बच्चों को फुल स्लीव्स ड्रेस में बुलाने और जनजागरूकता अभियान चलाने को कहा गया है।

## सौंदर्यीकरण

देहरादून शहर के प्रमुख चौराहों और ऐतिहासिक 'घंटाघर' के पारंपरिक तथा आधुनिक शैली में सौन्दर्यीकरण का काम तेज गति से चल रहा है। जिलाधिकारी सविन बंसल के नेतृत्व में समन्वित प्रयासों के माध्यम से यह कार्य योजना धरातल पर उतर चुकी है। जिलाधिकारी ने पदभार ग्रहण करने के दूसरे ही माह में घंटाघर क्षेत्र सहित प्रमुख चौक–चौराहों के डिज़ाइन, सर्वेक्षण और कॉन्सेप्ट तैयार कर लिए गए थे। अब स्मार्ट सिटी परियोजना से समर्पित की जा रही धनराशि को प्राथमिकता के आधार पर प्रयुक्त करते हुए निर्माण कार्य शुरू कर दिये गए हैं। गौरतलब है कि इस योजना में निर्माण कार्य के साथ–साथ उसके दीर्घकालिक रखरखाव की भी व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

## सूर्या देवभूमि चैलेंज समापान

सूर्या देवभूमि चैलेंज 2025 का समापन कल रूद्रप्रयाग जिले के सोनप्रयाग में हुआ। 18 से 20 अप्रैल तक चले इस तीन दिवसीय कार्यक्रम में देशभर से प्रतिभागियों ने माउंटेन बाइकिंग, ट्रेल रनिंग और ट्रैक रनिंग में हिस्सा लिया।

भारतीय सेना ने इस आयोजन को स्थानीय प्रशासन और पर्यटन विभाग के सहयोग से आयोजित किया। कुल 141 प्रतिभागियों में 134 पुरुष और 7 महिलाएं शामिल रहीं। समापन समारोह में मध्य कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ लेफ्टिनेंट जनरल अनिन्द्य सेनगुप्ता ने विजेताओं को सम्मानित किया।

## निलंबन

देहरादून के ईसी रोड स्थित श्री गुरु राम राय पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्य को स्कूल प्रबंधन ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। उन पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों की अवहेलना करने और अभिभावकों से दुर्व्यवहार के आरोप हैं। मामले की शुरुआत तब हुई जब प्रधानाचार्य ने स्कूल के ही 8वीं पास छात्र को 9वीं में प्रवेश देने से इनकार कर दिया और अभिभावकों पर दूसरे स्कूल में दाखिला लेने का दबाव बनाया। इस पर छात्र के परिजनों ने मुख्य शिक्षा अधिकारी कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई। शिक्षा अधिकारी वी.के. ढौंडियाल ने छात्र को प्रवेश देने का निर्देश दिया, लेकिन प्रधानाचार्य ने पालन नहीं किया और ना ही स्पष्टीकरण के लिए बुलाए जाने पर उपस्थित हुईं। अन्य अभिभावकों ने भी उनके व्यवहार को लेकर शिकायतें की थीं, जिसके आधार पर यह कार्रवाई की गई।

## सकारात्मक परिणाम

उत्तराखंड के सीमांत जिलों के किसानों के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की पहल और पशुपालन विभाग की योजना एक नई उम्मीद बनकर उभरी है। भारत तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के साथ हुए अनुबंध के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। इस अनुबंध के तहत पशुपालन विभाग द्वारा अक्टूबर, 2024 में आईटीबीपी के साथ विधिवत अनुबंध किया गया था। इसके तहत पिथौरागढ़, चमोली, उत्तरकाशी और चंपावत जिलों की 10 सहकारी समितियों व एफपीओ से जुड़े 253 किसान आईटीबीपी की विभिन्न बटालियनों को मटन, चिकन और ट्राउट मछली की नियमित आपूर्ति कर रहे हैं। पहले पांच महीनों में इन किसानों ने कुल 79 हजार 530 किलोग्राम मांस व मछली की आपूर्ति करते हुए ढाई करोड़ रुपए से अधिक का कारोबार किया है।

## चारधाम यात्रा

चारधाम यात्रा शुरू होने अब दस दिन से भी कम का समय है। ऐसे में पौड़ी जिला प्रशासन ने तय किया है कि वह चारधाम यात्रा के पहले जत्थे का स्वागत श्रीनगर में करेगा। इसके लिए कार्यक्रम की जिम्मेदारी उप जिलाधिकारी श्रीनगर और नगर निगम के अधिकारियों को सौंपी गई है।

जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने यात्रा व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए श्रीनगर और यमकेश्वर क्षेत्र के सभी सार्वजनिक शौचालयों की सफाई और पेयजल संयोजन, व टंकियों की सफाई कर पांच दिनों के भीतर पेयजल आपूर्ति सुचारू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि तीर्थयात्रियों की सुविधा में कोई कमी नहीं रहनी चाहिए। 25 अप्रैल को श्रीनगर में रुद्रप्रयाग जिले के राजस्व और पुलिस अधिकारियों के साथ समन्वय बैठक आयोजित की जाएगी। उसी दिन श्रीनगर क्षेत्र में पेयजल, शौचालय और पार्किंग जैसी व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण भी किया जाएगा। जिलाधिकारी ने यात्रियों के पंजीकरण और वाहनों की जांच के लिए उपयुक्त स्थानों पर काउंटर स्थापित करने के निर्देश भी दिए।

**और अब एक नज़र आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर––**

जम्मू–कश्मीर के रामबन में बाढ़ और भूस्खलन की खबर को सभी समाचार पत्रों ने प्रमुखता से प्रकाशित किया है। अमर उजाला ने खबर का शीर्षक लिखा है – कश्मीर में बादल फटने से तबाही, तीन की मौत, 100 से अधिक लोगों को बचाया। हिन्दुस्तान समाचार पत्र ने लिखा है – रामबन में बादल फटने से तबाही।

देहरादून में डेंगू की रोकथाम को लेकर प्रशासन की योजनाओं को सभी समाचार पत्रों ने प्रकाशित किया है। राष्ट्रीय सहारा समाचार पत्र ने लिखा है– डेंगू के बढ़ते केस पर प्रशासन अलर्ट। हिन्दुस्तान समाचार पत्र ने जिलाधिकारी के हवाले से शीर्षक दिया है– डॉक्टर अलर्ट पर रहें, स्कूल बच्चों को फुल स्लीव ड्रेस में बुलाए।

उत्तराखंड चारधाम यात्रा की तैयारियों को लेकर नवोदय टाइम्स लिखता है– हाईवे पर सीसीटीवी की निगरानी में रहेंगे वाहन चालक। राष्ट्रीय सहारा ने लिखा है – चार धाम यात्रा के लिए बनाया जाएगा पुख्ता यातायात प्लान।